>

Title: Need to implement Rajiv Gandhi Rural Electrification Scheme in Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): सभापति महोदय, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों सहित जनपद चन्दौली के 240 तथा वाराणसी के 580 गांव, मजरे, पूर्वे के विद्युतीकरण हेतु पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 10.01.2011 को जनपद चन्दौली तथा वाराणसी जनपद के लिए 31.12.2010 को रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन को भेजा गया था। दोनों जनपदों की परियोजना लागत चन्दौली- 5050.09 लाख रुपये तथा वाराणसी के लिए 8928.99 लाख रुपये है। लेकिन अभी तक कोई राशि भारत सरकार द्वारा जारी नहीं की गयी है। परियोजना का कार्य पूर्ण करने का वित्तीय वर्ष 2011-2013 है। लेकिन वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी कोई राशि जारी नहीं की गयी है। आपसे मांग है कि सरकार के द्वारा इसके लिए धन उपलब्ध कराया जाए।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Virender Kumar.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: When you are given a chance, you have to tell what you want. Do not prolong it.

...(*Interruptions*)